**फा सं. 3.10(2)/एफ. डी./2017-सा.-I**
**संघ लोक सेवा आयोग**
**धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड**
**नई दिल्ली-110069**

दिनांक: 25 अगस्त, 2017

## निविदा आमंत्रण सूचना

**विषय: सं. लो. से. आ. में संभावित रूप से 29 सितम्बर, 2017 को आयोजित की जाने वाली 91 वें स्थापना दिवस समारोह के संबंध में मिठाई तथा नमकीन मिश्रित पैक के प्रापण के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (नि.आ.सू.)।**

प्रतिष्ठित निर्माता तथा उनके विक्रेताओं, फ्रैन्चाइज, वितकरों तथा खुदरा विक्रेताओं से 2003 (लगभग) की सं. में प्रतिष्ठित ब्रांड के विशेष निर्मित मिश्रित पैक जिसमें **टिन में पैक किया गया रसगुल्ला (500 ग्राम) तथा 200 ग्राम आलू भुजिया का पैकेट शामिल हैं, से बोलियां आमंत्रित की जाती है। इस मद की विनिर्दिष्टताओं को अनुबंध-'क' में वर्णित किया गया है।**

निविदा दस्तावेज़ आयोग की वेबसाइट www.upsc.gov.in तथा सीपीपीपी पोर्टल साइट http:eprocure.gov.in/eprocure/app से क्रिटिकल डेट शीट में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार डाउनलोड की जा सकती है।

## निविदा आमंत्रण सूचना की सामान्य निबंधन एवं शर्तें

### क्रिटिकल डेट शीट

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 25.08.2017 |
| बोली दस्तावेज़ को डाउन लोड / बिक्री प्रारंभ करने की तारीख | 25.08.2017 |
| बोली प्रस्तुतीकरण के प्रारंभ होने की तारीख | 25.08.2017 |
| बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख | 04.09.2017 3.00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 05.09.2017 3.30 बजे |

1. बोलियां सी पी पी पी वेबसाइट http:eprocure.gov.in/eprocure/app पर ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है।

2. निविदाकर्ता / संविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि वे केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल सी पी पी पी http:eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के ई प्रस्तुतीकरण के लिए निविदाकर्ता / संविदाकर्ता के लिए अनुदेशों में दिए गए अनुदेशों का अनुपालन करें।

टिप्पणी:

बोली को प्रस्तुत करने की निर्धारित तारीख को या अनुवर्ती तारीख को इस कार्यालय के लिए अवकाश या बंदी का दिन होता है तो बोलियां इस कार्यालय के अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय अर्थात 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में खोली जाएगी।

3. **बोलियों के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया:**

(i) निविदा सी पी पी पी वेबसाइट पर ऑन लाइन प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तुत किए जाने वाली बोली के सभी पृष्ठ, दस्तावेज़ के विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षर तथा क्रमिक रूप से संख्या दी जानी चाहिए। वेबसाइट पर एकल भाग या फोल्डर में अपलोड की गई बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ii) बोलियां ऑफ लाइन सीलबंद कोटेशन के माध्यम से भी प्रस्तुत की जा सकती है जिसे उपर्युक्त निर्धारित तारीख तथा समय के भीतर इस कार्यालय के स्वागत कक्ष के गेट 'सी' पर रखे निविदा बॉक्स में डाली जानी चाहिए।

**(iii) मिश्रित पैक के नमूने बोली खुलने के दिन अर्थात् 05.09.2017 को 3.30 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत की जानी चाहिए। नमूने कमरा सं. 009 आयोग सचिवालय भवन सं. लो. से. आ. में प्रस्तुत की जानी चाहिए।**

(iv) नमूने का परीक्षण टी ई सी द्वारा की जाएगी और केवल उन बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां खोली जाएगी जिनके नमूने टी ई सी द्वारा अनुमोदित की गई हो।

4. **दो बोली प्रणाली**

(क) **तकनीकी बोली:**

बोलीदाता को अनुबंध 'च' पर दिए गए जांच सूची में उल्लिखित निम्नलिखित दस्तावेज़ों की प्रतियां जिन पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षर किए जाने चाहिए, प्रस्तुत करनी होगी।

4.1 बोलीदाता का विगत प्रत्येक 3 वर्षों अर्थात 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 के दौरान वार्षिक कारोबार 5 करोड़ रूपए से कम नहीं होना चाहिए। विवरणी की प्रति जिसमें वार्षिक कारोबार के विवरण का उल्लेख हो और जो विधिवत रूप से चार्टरित लेखाकार द्वारा प्रमाणित हो, प्रस्तुत करनी होगी।

4.2 फर्म के पास जी एस टी आई एन सं. होनी चाहिए। उक्त की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

4.3 फर्म के पास संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी समुचित एफ एस एस ए आई लाईसेंस होनी चाहिए। उक्त की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

4.4 निविदा में भाग लेने वाले सभी फर्मों को इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही फर्म के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत / लंबित है।

(ख) <u>वित्तीय बोली:</u>

4.5 वित्तीय बोली **अनुबंध 'ग' में दिए गए अनुसार निर्धारित प्रपत्र में होनी चाहिए। मुहर रहित तथा / या अहस्ताक्षरित बोली को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

4.6 तकनीकी बोली को खोलने की तारीख से बोली 6 माह की अवधि तक इस कार्यालय की स्वीकृति के लिए वैध रहेगी।

4.7 लागू जी एस टी / कोई अन्य सरकारी लेवी का पूर्ण विवरण देते हुए अलग से दर्शाया जाना चाहिए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि दरों में जी एस टी / अन्य सरकारी लेवियां शामिल है और किसी भी परिस्थिति में बढ़ोतरी के किसी भी अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इस मुद्दे पर संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

4.8 बोलीदाता को निविदा प्रपत्र में दिए गए अनुसार बिना शर्त दरों का उल्लेख करना चाहिए। किसी प्रकार की कटिंग / ओवर राइटिंग, यदि कोई हो, पर प्रति हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत रूप से मुहर लागई जानी चाहिए और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

**<u>अन्य निबंधन तथा शर्तें :</u>**

5 इस कार्यालय की स्वीकार्यता के लिए बोलियां निविदा को खोलने की तारीख से 6 माह की अवधि के लिए वैध रहेंगी । कम वैधता अवधि वाली बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

6 काल्पनिक तथा / या सशर्त बोलियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

7 समुचित पैकिंग तथा समय पर डिलवरी करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता फर्म का होगा ।

8 फर्म को बोली प्रपत्र के अनुसार बिना शर्त के दरें उद्धृत करनी चाहिए ।

9 संघ लोक सेवा आयोग को मिठाई की संतोषजनक सुपुर्दगी किए जाने पर भुगतान किया जाएगा । नि.आ.सू. में निर्धारित शर्तों में किसी प्रकार का विचलन या खराब गुणवत्ता वाली मिठाई की आपूर्ति पर, सं. लो. से. आ. को पूरा अधिकार हे कि वह रूपए की कटौती करें ।

10 संघ लोक सेवा आयोग की अपेक्षानुसार मात्रा में कमी / वृद्धि हो सकती है ।

11 इस कार्यालय में सामग्री की आपूर्ति करने के व्यय का वहन फर्म द्वारा किया जाएगा ।

12 उद्धृत की गई दरें स्थिर और गतंव्य स्थान अर्थात आयोग कार्यालय तक पहुंचाने के ढुलाई खर्चे सहित होनी चाहिए ।

13 सभी प्रश्न विवाद या अंतर जो इस संविदा के अंतर्गत या उससे बाहर उत्पन्न होती है, यदि यह परिणत हो तो उनका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग के सचिव द्वारा भारतीय मध्यस्थता अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नियुक्त मध्यस्थ को भेजा जाएगा ।

14 प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन तथा शर्तें स्वीकार्य हैं।

15 संविदा कार्य एल-1 बोलीदाता को प्रदान किया जाएगा जिसका निर्णय बोली मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा ।

16. <u>मध्यस्थता</u>

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी परिणाम, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबन्धों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त मध्यस्थ द्वारा किया जाएगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों पर बाध्यकारी होगा। मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा।

**क्षेत्राधिकार**

(i) मध्यस्थता के अध्यधीन उपर्युक्त के अलावा इस करार के कारण कोई वाद या कार्रवाई जो दोनों पक्षों में से किसी के भी अधिकार का हनन करती हो, दिल्ली के न्यायालय में दायर की जाएगी और उस पर केवल दिल्ली के न्यायालय में ही न्यायिक जांच होगी और अन्य किसी न्यायालय में नहीं और अब से दोनों पक्ष ऐसे न्यायालय के क्षेत्राधिकार को स्वीकार करने के प्रति स्वेच्छा से सहमत होंगे।

(ii) बिलों का भुगतान सामग्री के अच्छी तथा संतोषजनक स्थिति में प्राप्त होने पर तथा इस बात के सत्यापन की पुष्टि होने के बाद कि आपूर्ति की गई सामग्री अनुमोदित गुणवत्ता तथा विनिदिर्ष्टियो के अनुसार है, किया जाएगा।

(iii) प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें निविदा की सभी शर्तें तथा निबंधन स्वीकार्य है।

(iv) सचिव, संघ लोक सेवा आयोग किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या उसके किसी भाग को बिना कोई कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में सचिव, संघ लोक सवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा।

(v) आगे की किसी अन्य जानकारी / स्पष्टीकरण के लिए आप सामान्य-। अनुभाग, संघ लोक सेवा आयोग से किसी भी कार्यदिवस पर 10.00 बजे से 17.00 बजे के बीच दूरभाष सं. 23389035 पर संपर्क कर सकते है ।

**(अनिल कुमार)**
अवर सचिव **(बैठक एवं अनुरक्षण)**
संघ लोक सेवा आयोग
**(दूरभाष सं. 011-23382415)**

**(अनिल कुमार)**
अवर सचिव
**(बैठक एवं अनुरक्षण)**

**<u>अनुबंध-क</u>**

**<u>अपेक्षित मदें तथा उनकी विनिर्दिष्टियां</u>**

क) प्रत्येक मिश्रित पैक के बाक्स में टिन में पैक किया गया 500 ग्राम रसगुल्ला तथा 200 ग्राम पैकेट वाली आलू भुजिया शामिल होनी चाहिए ।

ख) रसगुल्ला तथा नमकीन दोनो एक ही ब्रांड के होने चाहिए और इसे स्थानीय रूप से पैक नहीं किया जाना चाहिए ।

ग) रसगुल्ला तथा आलू भुजिया के प्रत्येक पैक पर नाम, ब्रांड तथा अन्य विवरणी जैसे बैच, निर्माण की तारीख, समाप्ति की तारीख / -------- तारीख से पहले उपयोग हेतु और विद्यमान सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य विवरणी शामिल की जानी चाहिए।

घ) दोनों मदें ताजी होनी चाहिए और उसकी समाप्ति की तारीख कम नही होनी चाहिए और उसकी किस्म अच्छी होनी चाहिए तथा दोनों को एक विशेष निर्मित मिश्रित पैक में पैक किया जाना चाहिए ।

ङ) ये विशेष निर्मित पैक में वरीयत: प्रिंटिग / स्टीकर के रूप में निम्नलिखित अभिवादन के रूप में मुदिर्त होने चाहिए :-

"शुभकामनाओं सहित"

संघ लोक सेवा आयोग

च) कंपनी को जारी की गई खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र का लोगो जैसे एफ एस एस ए आई को बाक्स / रसगुल्ला के पैकेट / नमकीन पर मुद्रित की जानी चाहिए ।

छ) लगभग 2003 मिश्रित पैक के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती है । यह मात्रा बढ या घट सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

ज) पैक किए गए मिश्रित पैक जिसमें टिन में पैक किए गए 500 ग्राम रसगुल्ला तथा 200 ग्राम आलू भुजिया का पैकेट के बाक्स शामिल है से संबंधित नमूने को बोली खोलने की तारीख अर्थात 05.09.2017 को 3.30 बजे अपराह्न तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए । नमूने को कमरा सं. 009, आयोग सचिवालय भवन, संघ लोक सेवा आयोग में प्रस्तुत किया जाएगा । नमूने की जांच टी ई सी द्वारा की जाएगी और केवल उन बोलीदाताओं की वित्तीय बोली पर विचार किया जाएगा जिनके नमूने टी ई सी द्वारा अनुमोदित होगें । टी ई सी का निर्णय फर्म पर अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

झ) विधिवत पैक किए गए सभी बक्सो को दिनांक 26 सितम्बर, 2017 संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली को 10.00 बजे पूर्वाह्न तक सुपुर्दगी की जानी चाहिए। इस कार्यालय को सामग्री को भेजने में की गई खर्च का वहन फर्म द्वारा किया जाएगा।

<u>अनुबंध-ख</u>

## <u>निविदा प्रपत्र</u>
## <u>मिठाई की आपूर्ति हेतु निविदा</u>

दिनांक --------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (बै.  एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग,
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक ---------------------- का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.-------------------

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ की जांच की है और प्रत्येक मद का नमूना देखा है । हम अब विनिर्दिष्ट प्रारूप में विनिर्दिष्टियों के समनुरूप अपेक्षित मिठाई तथा नमकीन की मदों की आपूर्ति और सुपुर्दगी करने का प्रस्ताव करते हैं । विहित प्रारूप में हमारी वित्तीय बोली इसके संलग्न की जाती है और इस निविदा का भाग है । निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार विधिवत भरी गई अपेक्षित अन्य दस्तावेज / कागज़ात भी इसके साथ संलग्न हैं ।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्धृत दर पर बोली में यथा वर्णित सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

3. हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के साथ सपठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेगी ।

4. हम आगे यह समझते हैं कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा जांच के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं  हैं ।

5. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

------------------

(नाम और पदनाम)

--------------------------------------------- के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

-------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस प्रारूप में प्रत्येक पृष्ठ पर किए जाने हैं।

**<u>अनुबंध-ग</u>**

## मिठाई की आपूर्ति के लिए वित्तीय बोली का प्रारूप

दिनांक------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार ,
अवर सचिव (बै. एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग,
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक ------------------ का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.------------

महोदय,

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ की जांच की है और निम्नानुसार दरें उद्धृत की हैं :-

**मूल्य अनुसूची**

| क्रम सं. | मद | बाक्सों की संख्या | उद्धृत की गई युनिट दर(रूपए में) (प्रत्येक पूर्ण मिश्रित पैक में शामिल कर/ लेवियां) | एक मिश्रित पैक पर कर तथा अन्य लेवियां (रूपए में) | एक मिश्रित पैक जिसमें कर शामिल है के लिए यूनिट दर (रूपए में) | कुल राशि (रूपए में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | च=घ+ङ | छ=गxच |
| 1. | एक विशेष निर्मित मिश्रित पैक जिसमें प्रतिष्ठित ब्रांड का 500 ग्राम रसगुल्ला (टिन में पैक किया हुआ) तथा 200 ग्राम आलू भुजियां के पैकेट शामिल होंगे। | | | | | |

नोट:- मात्रा बढ़ाई / घटाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

लागू जी एस टी /कोई अन्य सरकारी लेवी को अलग-अलग दर्शाया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि दर में जी एस टी / कोई अन्य सरकारी लेवियां शामिल हैं और किसी भी परिस्थिति में बढ़ोतरी के अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

हम उपर्युक्त निविदा जांच की सभी निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करते हैं।

--------------------

(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

--------------------

(नाम और पदनाम)

------------------------------------------ के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

**अनुबंध-घ**

मिठाई की आपूर्ति हेतु निविदा

फर्म का विवरण

(फर्म के पत्र शीर्ष पर)

1. फर्म का नाम : ------------------------------------
2. कार्यालय का पता : ---------------------------------
3. दूरभाष सं. : -----------------------------------------
4. फैक्स सं. : ------------------------------------------
5. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण

   नाम :

   आवासीय पता (पते) :

   मोबाइल सं. : (संख्याएं) :
6. जी एस टी टिन सं. :
7. फर्म/ मालिक का पैन सं. :
8. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारे फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है।

--------------------

(तारीख सहित हस्ताक्षर)

--------------------

(नाम और पदनाम)

---------------------- के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------

(फर्म की कार्यालय मुहर)

<u>अनुबंध-ड</u>

## <u>ऑन लाइन बोली प्रस्तुत करने के अनुदेश</u>

बोलीदाताओं को वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र का प्रयोग करते हुए सी पी पी पोर्टल पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से बोलियों की साफ्ट प्रति प्रस्तुत करना अपेक्षित है। नीचे दिए गए अनुदेश का तात्पर्य सी पी पी पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए, अपेक्षानुसार अपनी बोलियों को तैयार करने तथा सी पी पी पोर्टल पर अपनी बोलियों को ऑन लाइन प्रस्तुत करने में बोलीदाताओं की सहायता करना है।

सी पी पी पोर्टल पर ऑन लाइन बोली प्रस्तुत करने के लिए अत्यधिक उपयोगी जानकारी https : // eprocure.gov.in / eprocure /app से प्राप्त की जा सकती है।

**<u>पंजीकरण:</u>**

1) बोलीदाताओं को केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल के ई-प्रोक्यूरमेंट माड्यूल (यू आर एल: https: // eprocure.gov.in/eprocure/app) सी पी पी पोर्टल पर “ऑन लाइन बोलीदाता इनरॉलमेंट” के लिंक पर क्लिक करके जो प्रभार रहित है, पर इनरॉल करना अपेक्षित है।

2) इनरॉलमेंट प्रक्रिया के भाग के रूप में बोलीदाताओं को यूनिक यूजरनेम का चयन तथा अपने अकाउन्ट के लिए पासवर्ड असाईन करना अपेक्षित होगा।

3) बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण प्रक्रिया के रूप में अपने वैध ई-मेल आई डी तथा मोबाइल नं. को रजिस्टर करें। इसे सी पी पी पोर्टल से किसी भी प्रकार के संपर्क के लिए प्रयोग में लाया जाएगा।

4) इनरॉलमेंट पर बोलीदाताओं को अपने -अपने प्रोफाइल सहित सी सी ए भारत द्वारा मान्यता प्राप्त (अर्थात सीफी / टी सी एस / एन काड / ई-मुद्रा आदि ) किसी प्रमाणिक प्राधिकारी द्वारा जारी वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र ( साइनिंग की यूजेज सहित श्रेणी II या श्रेणी III प्रमाण पत्र ) को रजिस्टर करना अपेक्षित होगा।

5) बोलीदाता द्वारा केवल एक वैध डी एस सी पंजीकृत करना चाहिए। कृपया नोट कर लें कि बोलीदाता यह सुनिश्चित करने के प्रति जिम्मेदार होंगे कि उन्होंने अपना डी एस सी किसी अन्य व्यक्ति को उधार नहीं दिया है, जो इसका दुरूपयोग कर सकता है।

6) बोलीदाता तब सुरक्षित लॉग इन के माध्यम से आना यूजर आई डी / पासवर्ड और डी एस सी / ई-टोकन का पासवर्ड को प्रविष्ट कर साइट पर लॉग करें ।

**<u>निविदा दस्तावेज़ की खोज:</u>**

1) सी पी पी पोर्टल पर विभिन्न खोज विकल्प मौजूद है, विभिन्न प्राचलों द्वारा सक्रिय निविदा की खोज हेतु बोलीदाताओं को सुविधा प्रदान की गई है । इन प्राचलों में निविदा आई डी, संगठन का नाम अवस्थिति, तारीख, मूल्य आदि शामिल किए जा सकते थे । निविदा की उन्नत खोज के लिए एक और विकल्प मौजूद है जिसमें बोलीदाता खोज प्राचलों की संख्या जैसे संगठन का नाम, संविदा फर्म, अवस्थिति, तारीख, अन्य कीवर्ड आदि सी पी पी पोर्टल पर प्रकाशित निविदा की खोज के लिए शामिल कर सकते है ।

2) कृपया निविदा विज्ञापन तथा निविदा दस्जावेज़ों को सावधानीपूर्वक पूरी तरह से पढ़ लें और यह समझ ले कि बोली के भाग के रूप में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज़ अपेक्षित है । कृपया लिफाफे की संख्या जिसमें बोली दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जाने हैं, प्रत्येक दस्तावेज़ जिन्हें प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता है का नाम तथा विषय वस्तु सहित दस्तावेज़ों की संख्या को नोट कर लें । इनसे उत्पन्न किसी प्रकार के विचलन बोली की अस्वीकृति हो सकती है ।

3) बोलीदाता को प्रत्येक निविदा के लिए दिए गए यूनिक निविदा आई डी का एक नोट बना लेना चाहिए, यदि वे हैल्प डेस्क से किसी प्रकार का स्पष्टीकरण/ मदद चाहते है ।

**<u>बोली को प्रस्तुत करना :</u>**

(1) बोलीदाता को बोली को प्रस्तुत करने के लिए अग्रिम में साईट पर लॉग करना चाहिए ताकि वे बोली को समय पर अर्थात् बोली प्रस्तुत करने की निर्धारित तारीख उससे पहले अपलोड कर सकते हैं। अन्य मुद्दे के कारण किसी भी देरी के लिए बोलीदाता जिम्मेदार होंगे ।

(2) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में यथानिर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज़ों को एक-एक कर अपलोड कर अंकीय हस्ताक्षर करने हैं ।

(3) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज़ में यथा लागू निविदा शुल्क / जमा धरोहर राशि का भुगतान करने के लिए “ऑफ लाईन” भुगतान विकल्प का चयन करना होगा और अनुदेश के विवरण को प्रविष्ट करना है ।

(4) बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसार जमा धरोहर राशि तैयार करनी चाहिए । मूल दस्तावेज़ को डाक / कुरियर / संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख या निविदा दस्तावेज़ में यथ निर्दिष्ट तारीख या निविदा दस्तावेज़ में यथावर्णित तारीख तक भेजी जानी चाहिए । डिमांड ड्राफ्ट / कोई अन्य स्वीकार्य रूप या व्यक्तिगत रूप से भेजे गए विवरणों का

मिलान स्कैन्ड प्रति में उपलब्ध विवरण तथा प्रस्तुत करने के समय के दौरान प्रविष्ट किए गए डेटा के साथ कर लेना चाहिए अन्यथा अपलोड की गई बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(5) बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि उन्होंने प्रदान की गई फार्मेट में अपने वित्तीय बोली को आवश्यक रूप से जमा किया है तथा कोई अन्य फार्मेट स्वीकार्य नहीं है यदि बोली मूल्य निविदा दस्तावेज़ के साथ मानक बी ओ क्यू फार्मेंट में नहीं दिया गया है, तो उक्त को डाउन लोड करने और उसे सभी बोलीदाताओं द्वारा भरा जाए। बोलीदाताओं को बी ओ क्यू फाइल डाउन लोड करना अपेक्षित है इसे खोले और अपने वित्तीय कोट्स तथा अन्य विवरणियों (जैसे बोलीदाता का नाम) सहित सफेद रंगीन (असुरक्षित) सेल्स को पूरा करें। किसी अन्य सेल्स को परिवर्तित न करें। एक बार विवरणियों के पूरा हो जाने पर बोलीदाता को इसे सेव कर लेना चाहिए और फाइल के नाम को परिवर्तित किए बिना ऑन लाइन प्रस्तुत कर दें। यदि बी ओ क्यू फाइल को बोलीदाता द्वारा आशोधित किए जाते हुए पाए जाते है तो बोली को अस्वीकार कर दी जाएगी।

(6) सर्वरटाइम (जिसे बोलीदाता के डेश बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है) को बोलीदाता द्वारा बोलियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख, बोलियों को खोलना आदि को संदर्भ के लिए मानक समय माना जाएगा। बोलीदाताओं को बोली के प्रस्तुतीकरण के दौरान इस समय का अनुपालन करना चाहिए

(7) बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सभी इन्क्रिपशन प्रविधि पी.के. आई का प्रयोग करते हुए इन्क्रिप्टेड होंगे ताकि डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित की जा सके। बोली को खोले जाने के सतय तक प्रविष्ट किए गए डेटा को अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा नहीं देखा जा सकता है। इन्क्रिपशन प्रौद्योगिक के 128 बिट सुरक्षित सॉकेट लेयर का प्रयोग करते हुए बोली की गोपनीयता को अनुरक्षित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों का डेटा स्टोरेज इन्क्रिपशन किया गया है। कोई बोली दस्तावेज़ जिसे सर्वर पर अपलोड किया गया है जो क्रर्मिक कुजी जनित प्रणाली का उपयोग करते हुए क्रमिक इन्क्रिपशन के अध्यधीन है। इसके अतिरिक्त यह कुंजी ऐसमैट्रिक इन्क्रिपशन का प्रयोग कर क्रेता / बोली खोलने वाले सार्वजनिक कुंजी के अध्यधीन है। समग्र रूप से अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ प्राधिकृत बोली खोलने वाले द्वारा निविदा के खोलने के बाद ही केवल पठनीय होगा।

(8) अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ प्राधिकृत बोली खोलने वाले अधिकारी द्वारा निविदा को खोलने के बाद ही पठनीय होगा।

(9) बोली के सफल तथा समयबद्ध तरीके से प्रस्तुतीकरण (अर्थात् पोर्टल में "फ्रिज बिक सबमिशन" को क्लिक करने के बाद), पोर्टल सफल बोली प्रस्तुतीकरण संदेश देगा और बोली सं. और सभी संगत विवरणी सहित बोली को प्रस्तुत करने की तारीख एवं समय के साथ बोली समरी प्रदर्शित हो जाएगी।

(10) बोली समरी को मुद्रित किया जाना है और बोली के प्रस्तुतीकरण के पावती की रूप में इसे रख लें। इस पावती को बोली के खुलने की किसी भी बैठक के लिए एन्ट्री पास के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है।

**<u>बोलीदाताओं को सहायता</u>**

(1) निविदा दस्तावेज़ उनमें समाविष्ट निबंधन एवं शर्तों से संबंधित किसी भी प्रकार की पूछ ताछ के लिए निविदा आमंत्रण प्राधिकारी या निविदा में निर्दिष्ट संगत संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति को संबोधित की जानी चाहिए।

(2) ऑन लाइन बोली प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया से संबंधित किसी प्रकार की पूछ ताछ या सामान्य रूप से सी पी पी पोर्टल से संबंधित पूछ ताछ को 24X7 सी पी पी पोर्टल हेल्प डेस्क को अग्रेषित कर सकते है। हेल्प डेस्क के लिए संपर्क नं. 180030702232 है। बोलीदाता +917878007972 एवं + 91-78780073 से भी मदद ले सकते हैं।

**अनुबंध-च**

प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ों की जांच सूची

| क्रम सं. | प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ | प्रस्तुत किए गए | प्रस्तुत नही किए गए | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विगत तीन वर्षो के कारोबार का विधिवत प्रमाणित प्रति | | | |
| 2. | जी एस टिन की प्रति | | | |
| 3. | एफ एस एस ए आई लाईसेंस की प्रति | | | |
| 4. | पैन / टैन कार्ड की प्रति | | | |
| 5. | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र तथा अनुबंध ख, ग, घ तथा च | | | |